पेट्रोल की बोतल लेकर राजस्थान विवि. में पानी की टंकी पर चढ़े तीन छात्रनेता

छात्रसंघ चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग पर अड़े, देर रात तक नीचे नहीं उतरे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। छात्रसंघ चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में एबीवीपी से जुड़े 3 छात्र माही हॉस्टल के पास बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए। पेट्रोल की बोतल हाथ में लेकर छात्र देर रात तक टंकी में ही बैठे रहे। उन्हें नीचे उतारने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन के साथ पुलिस की टीम देर रात तक प्रयास में जुटी रही। सिविल डिफेंस की टीम भी नीचे सुरक्षा का इंतजाम करती दिखी।

दरअसल, छात्र नेता नरेंद्र यादव, मनु दाधीच और राहुल मीणा शानिवार दोपहर करीब सवा एक बजे पानी की टंकी पर चढ़े। तीनों छात्रों के हाथ में पेट्रोल की बोतले थी। उन्होंने अपने गले में रस्सी का फंदा लगाकर टंकी की रेलिंग से बांध लिया। पानी की टंकी के नीचे आपदा राहत टीम ने सुरक्षा के इंतजाम किए गए। अपने समर्थकों के साथ टंकी पर चढ़े छात्र नेता नरेंद्र यादव ने कहा कि जब तक सरकार 100 प्रतिशत एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर लेती, तब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं होने चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से लोकतंत्र के महापर्व में छात्र शामिल नहीं हो सकेंगे। अगर सरकार ने फिर भी ऐसा किया तो हम आत्मदाह कर लेंगे, पीछे नहीं हटेंगे। हमारे साथ जबरदस्ती

छात्रसंघ चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार दोपहर एबीवीपी से जुड़े 3 छात्र माही हॉस्टल के पास बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए।

- छात्रों ने खुद के गले में फंदा लगाकर रैलिंग से बांधा, मांगे नहीं मानने पर सुसाइड की धमकी दी

की गई तो हम आत्महत्या कर लेंगे लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। दरअसल, राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 26 अगस्त को छात्र संघ चुनाव का ऐलान किया है। लेकिन प्रदेश में अब तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में एबीवीपी और एनएसयूआई दोनों ही छात्र संगठनों द्वारा सरकार से चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन पिछले दिनों उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव ने 26 अगस्त को ही चुनाव कराने का बयान दिया था। जिसके बाद छात्रों ने सरकार के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है। पिछले 3 दिनों से एबीवीपी जहां यूनिवर्सिटी कैंपस में धरना दे रही है। वहीं सरकार के खिलाफ आज एबीवीपी के समर्थक छात्र पानी की टंकी पर चढ़ गए।

युवक का दिनदहाड़े अपहरण कर फिरौती मांगने वाले बदमाश दबोचे

- आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी देकर परिजनों से 59 हजार रुपये अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाये
- शिवदासपुरा पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को दबोचा, दोनों के बीच आपसी लेनदेन का है विवाद

जयपुर (कासं)। शिवदासपुरा इलाके में चार बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक का अपहरण कर लिया। इसके बाद उसके परिजनों को फोन कर बेटे को जान से मारने की धमकी देकर 59 हजार रुपये ऑनलाइन भी ट्रांसफर करवा लिये। इसी बीच शिवदासपुरा पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर अपहरणकर्ताओं को शनिवार दोपहर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के चुंगल से युवक को सुरक्षित छुड़ा लिया है।

डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया कि किडनैपिंग के मामले में आरोपी मुरारी (21) पुत्र सीताराम जाट निवासी बाडा पदमपुरा शिवदासपुरा, लोकेश (25) पुत्र नारायण सिंह निवासी हनुमानवास लक्ष्मणगढ अलवर, अशोक गुर्जर (20) पुत्र उदयभान गुर्जर निवासी समसपुर बीराना महुआ दौसा और शिवराज गुर्जर (20) पुत्र हरकेश निवासी टोडाभीम करौली को गिरफ्तार किया है। गत 5 अगस्त को शिवदासपुरा निवासी राजेश कुमार मीना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके भाई मस्तराम का बाइक पर आए चार बदमाश किडनैप कर ले गए है। वह अपनी बुआ के लड़के राजेन्द्र और मस्तराम के साथ गोनेर खाना खाने जा रहे थे। दो बाइक पर सवार चार लड़के उनका पीछा कर रहे थे। गोनेर रोड पर बाइक आगे लगाकर उन्हें रोक लिया। मारपीट कर मस्तराम को बाइक पर ही किडनैप कर ले गए।

पुलिस ने बताया कि किडनैपिंग की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कराई। कुछ देर बाद ही परिजनों को कॉल कर रुपयों की डिमांड की गई। रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे परिजनों ने 59 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी करे। पुलिस से बचने के लिए किडनैपर बार-बार अपनी लोकेशन बदते रहे। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर दबिश देकर किडनैप मस्तराम को सुरक्षित मुक्त करवाया। पुलिस ने अपहणकर्ता चारों बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लोकेश का परिचित मस्तराम से रुपए मांगता था, इसलिए लोकेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर रैकी कर किडनैपिंग की वारदात को अंजाम दिया।

कचरा फैलाया या पोस्टर लगाया तो दर्ज होगा मुकदमा

जयपुर (कासं)। कचरा फैलाने और सार्वजनिक दीवारों पर बैनर-पोस्टर लगाकर शहर को गंदा करने वाले लोगों के खिलाफ ग्रेटर नगर निगम प्रशासन एफआईआर दर्ज कराएगा। 7 व 8 अक्टूबर को जयपुर में होने वाले 'इन्वेस्ट राजस्थान समिट' को देखते हुए कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने यह निर्णय किया गया है। खुद आयुक्त महेंद्र सोनी ने अपील की है कि छात्र संघ चुनावों में अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर नहीं लगाएं। उन्होंने अधिकारियों को पूरे मामले की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

समिट के दौरान जयपुर शहर के सौन्दर्यकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर निगम अधिकारी चर्चा कर चुके हैं। समिट के दौरान माकूल सफाई व्यवस्था, सड़क का रखरखाव, पेन्ट कम्पाउण्ड वॉल का रिपेयर/पेंट, गेन्ट्री, साइनबोर्ड का रखरखाव, फुटपाथ का रखरखाव, नगर निगम द्वारा संधारित रोड लाइट का रखरखाव करने के निर्देश जारी किए है। गौरतलब है कि आयुक्त महेंद्र सोनी कई बार "इन्वेस्ट राजस्थान समिट" के रूट का दौरा कर अफसरों को सौन्दर्यकरण, रखरखाव के लिए कह चुके है।

डाक विभाग के 300 कर्मचारियों ने जयपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

जयपुर, (का.सं.)। भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल की ओर से आज राजधानी जयपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा को चीफ पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान परिमण्डल शैलेन्द्र दसोरा एवं जयपुर नगर मण्डल की प्रवर अधीक्षक प्रियंका गुप्ता ने रवाना किया।

यह तिरंगा यात्रा जयपुर जी.पी.ओ. से शुरू होकर कमिश्नरेट, गवर्नमेंट प्रेस चौराहा, सी.पी.एम.जी. कार्यालय, चौमू हाउस सर्किल, बगड़िया भवन होते हुए स्टैच्यू सर्किल पहुंची। जहां पर यात्रा सभा के रूप में विसर्जित हुई। यह तिरंगा यात्रा सभी प्रमुख चौराहों पर रूकते हुए एवं हर घर तिरंगा, हर गांव तिरंगा, हर छत तिरंगा आदि अपील के साथ लगातार आगे बढ़ती रही।

इस प्रभात फेरी में जयपुर नगर मण्डल के विभिन्न डाकघरों के 300 से ज्यादा कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। यात्रा का मुख्य ध्वज थामें एक महिला पोस्टमैन आगे-आगे चली जो

इस तिरंगा यात्रा की प्रमुख आकर्षण केंद्र रही। वहीं सभी कर्मचारियों के हाथों में तिरंगा फहरा रहा था।

भारतीय डाक विभाग की प्रवर अधीक्षक प्रियंका गुप्ता ने बताया कि आम नागरिक ध्वज को जयपुर के किसी भी डाकघर से मात्र 25 रुपए में खरीद सकते हैं, साथ ही वह इसे घर बैठे भी प्राप्त कर सकते हैं , इसके लिए उन्हें विभागीय वेबसाइट में जाकर ई-पोस्टऑफिस पर जाकर अपना झण्डा बुक करना होगा, इसके बाद ऑनलाइन रूपए 25 रुपए का भुगतान करना होगा

डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल द्वारा आयोजित इस यात्रा में सबसे आगे डाकिया को खड़ा किया गया था जो अपने संपूर्ण गणवेश में थे, इसके पीछे महिला कर्मचारी उनके पीछे अन्य कर्मचारी थे। यह सभी कर्मचारी सफेद टी-शर्ट एवं ब्लैक/ब्लू पैंट में तिरंगा लिए कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे थे।

सांसदों के साथ लंपी संक्रमण रोकथाम पर चर्चा

नई दिल्ली/जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शनिवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी की अध्यक्षता में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ आयोजित प्रदेश के सांसदों एवं किसान जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को अन्नदाताओं तक पहुंचाने एवं पश्चिमी राजस्थान के गोवंश में फैल रहे संक्रमण की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी के यहाँ एनडीए उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जगदीप धनखड के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। डॉ. सतीश पूनिया ने नई दिल्ली मे भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद ओमप्रकाश माथुर से मिलकर कुशलक्षेम पूछी, और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

मंत्री खाचरियावास ने हिंगोनिया गौशाला पहुंचकर बीमार गायों की स्थिति देखी

जयपुर, (का.प्र.)। प्रदेश में लंपी वायरस के कारण बीमार हो रही गायों की बढ़ती संख्या को लेकर सरकार के अलर्ट के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शनिवार को हिंगोनिया गौशाला का दौरा कर गौशाला में मौजूद 15 हजार गायों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खाचरियावास के साथ हिंगोनिया गौशाला में हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर, पार्षद मनोज मुदगल एवं नगर निगम के अधिकारी और अक्षरधाम के लोग मौजूद रहे।

खाचरियावास ने कहा कि हिंगोनिया गौशाला में 41 गाये महामारी से पीड़ित होने के बाद में ठीक हो गई है। अब जो महामारी से पीड़ित गाय है, उन्हें अन्य गायों से अलग रखा गया है और उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स की टीम काम कर रही है और जिस ढंग से गाय ठीक हुई हैं, इस बीमारी को ठीक किया जा सकता है।

खाचरियावास ने प्रदेश के लोगों से अपील की है की लंपी बीमारी से पीड़ित गायों को स्वस्थ गायों से दूर रखा जाए तो इस बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी गायों से आदमी में नहीं फैलती है। इसलिए गौ सेवा करने के लिए लोग

खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शनिवार को हिंगोनिया गौशाला का दौरा कर यहां मौजूद गौवंश के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

आगे आए। पशुओं के डॉक्टर गायों को दवाईयां देकर ठीक करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूरी सरकार गौ सेवा के लिए पूरी तरह से लगे हुए हैं, गायों के इलाज में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी।

खाचरियावास ने कहा कि गौ माता हमारे धार्मिक रीति रिवाज का आधार है। भगवान कृष्ण की सबसे प्रिय गौ माता की पूजा की जाती है। ऐसे में जब गौमाता संकट में हैं तब सब लोगों को गौ माता की सेवा के लिए आगे आना होगा। खाचरियावास ने कहा कि हिंगोनिया गौशाला में डॉक्टर्स की टीम चौबीसों घंटे लगी हुई है। इस वक्त बीमार गायों की संख्या सिर्फ 14 है और उनमें भी काफी सुधार है।

पत्नी से अवैध संबंध बनाने वाले पड़ौसी की युवक ने हत्या की

जयपुर (कासं)। मुहाना गांव में 21 जुलाई को मृत मिले सब्जी व्यवसायी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिपुल शील (31) मूलत: कूचबिहार, पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वह हीरापथ मानसरोवर में किराए पर रहकर के हेयरकटिंग का काम करता है।

मामले के अनुसार 21 जुलाई को मुहाना गांव में पुलिस को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत हालत में शव मिला था। कई दिनों तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। 5 अगस्त को उसकी पहचान हीरापथ निवासी श्याम सुंदर सिंधी के रूप में हुई। मृतक के भाई विनोद कुमार ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। रिपोर्ट में बताया कि उनका बड़ा भाई 16 जुलाई से लापता था, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में यह भी बताया कि उनके भाई के बाल काटने के लिए बिपुल आता था, वो भी कई दिनों से गायब है। मामले की तफ्तीश करते हुए पुलिस ने आरोपी बिपुल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक सब्जी व्यवसायी श्याम सुंदर की बिपुल हेयरकटिंग करता था। जिससे दोनों में अच्छी जान-पहचान हो गई थी। श्याम सुंदर का पत्नी से करीब आठ साल पहले तलाक हो चुका था। तब से एकांत जीवन जी रहा था। बिपुल की करीब नौ महीने पहले शादी हुई थी और वह श्याम सुंदर के घर के नजदीक ही किराए पर रहता था। श्याम सुंदर

के बिपुल की पत्नी के साथ संबंध बन गए। जिसका पता चलने पर बिपुल ने श्याम सुंदर की हत्या की साजिश रची। करीब तीन पहले पहले ऐश कराने के बहाने बिपुल श्याम सुंदर को सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल ले गया। वहां पर श्याम को उसपर संदेह हुआ तो फ्लाइट से जयपुर लौट आया। श्याम को शराब पीने की लत थी, इसी के चलते वह फिर से बिपुल के झांसे में आ गया और 16 जुलाई को उसके साथ मुहाना चला गया। वहां पर आरोपी ने उसे जमकर शराब पिलाई और फिर उसी के पायजामे के नाड़े से गला घोंटकर हत्या कर दी।

एलिवेटेड कॉरिडोर में विरासत का भी ध्यान रखा

जयपुर (कासं)। जोधपुर के एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में चर्चा हुई। स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के ट्रैफिक के संदर्भ सामने रखे। शनिवार को नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद शेखावत ने बताया कि एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट के निर्माण में स्थानीय विरासतों का भी ध्यान रखा गया है, जिनसे संस्कृति और जनभावना जुड़ी हुई है। स्वयं केंद्रीय मंत्री गडकरी प्रक्रिया को निर्देशित कर रहे हैं। बैठक में केंद्रीय मंत्रियों के बीच जोधपुर रिंग रोड व भारत माला परियोजना के तहत बन रहे जोधपुर-अमृतसर-जामनगर व जैसलमेर तनोट-रामगढ़-भादासर-जैलसमेर राष्ट्रीय राजमार्ग को समय पर पूर्ण करने पर चर्चा हुई।

जोधपुर के वर्षों पुराने एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट को राज्य सरकार ने खारिज कर दिया था, लेकिन केंद्रीय मंत्री शेखावत के प्रयास से केंद्र सरकार ने करीब 1700 करोड़ रुपए मंजूर किए।

सरकार संवेदनहीन, तभी तो सरपंच धरने पर बैठे : राठौड़

जयपुर (कासं)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार की हठधर्मिता एवं संवेदनहीनता का परिणाम है कि जयपुर में प्रदेशभर से आए धरने पर बैठे हजारों सरपंच ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री द्वारा 7 जिलों में मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर सरपंचों की कार्यशैली पर सवाल उठाने से नाराज होकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज मंत्री का यह कथन कि मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की जांच से सरपंच क्यों डरते हैं, जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा, वह यह राय अपने आलाकमान को क्यों नहीं देते कि नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी व राहुल गांधी से पूछताछ के बाद ईडी की जांच से दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज मंत्री को मेरी सलाह है कि वह 7 जिलों में मनरेगा के कामों में हुए घोटालों की जांच के साथ ही सपोटरा व मंडरायल में मनरेगा कार्यों में मैटेरियल सप्लाई करने वाले फर्म की जांच करवाये ताकि भ्रष्टाचार की सच्चाई सबके सामने उजागर हो। राठौड़ ने कहा कि एक ओर गांवों के मुखिया धरने पर बैठे हैं।

वहीं दूसरी ओर गांव में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने वाले कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं जिससे गांवो के समस्त विकास कार्य अवरुद्ध हो गए हैं। राठौड़ ने कहा कि पंचायत मंत्री द्वारा मनरेगा में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को लेकर जो आरोप लगाये गये हैं अगर सही है तो उसे प्रमाणित करें वरना गांव की सरकार के मुखिया से क्षमा याचना करें। राठौड़ ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत फीसदी आबादी गांवों में रहती है। सशक्त लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी ग्राम पंचायत होती है। यक्ष प्रश्न यह है कि सरपंच ही धरने पर होंगे तो फिर गांधीजी के ग्राम स्वराज का सपना कैसे पूर्ण होगा?

सार-समाचार

डॉ. रामगोपाल यादव का सम्मान किया

जयपुर। डॉ. राम गोपाल यादव प्रोफेसर, सी.टी सर्जरी विभाग, एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को हाल ही में किए गए सफल हृदय द्वारा प्रत्यारोपण के लिए एफआईएफ- 2021 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के संयोजक मदन यादव, मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्रभान (बीसूका उपाध्यक्ष), डॉ. करण सिंह यादव (पूर्व सांसद) अर्चना शर्मा मौजूद रहे।

चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता का सम्मान

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के जाने-माने चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता को सत् पक्ष पत्रकार मंच के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में राज्य कृषि प्रबंध संस्थान सभागार में आयोजित भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चन्द छाबड़ा, महानगर टाइम्स के संपादक गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

व्यर्थ याचिका दायर करने पर हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने व्यर्थ की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ता हर्जाना राशि संबंधित महिला को अदा करे और उसका साक्ष्य एक माह में अदालत में पेश करे। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश हीरालाल की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि एक अजनबी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के चलते महिला को असुविधा हुई है। ऐसे में याचिकाकर्ता उसे हर्जाना राशि दे। याचिका में कहा गया कि दोनों पांव से दिव्यांग याचिकाकर्ता संबंधित युवती के साथ चार साल से लिव इन रिलेशनशिप में रहता था। गत 5 जुलाई को युवती के पिता उसे अपने साथ जबरन ले गए। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने कोटपूतली थाने में शिकायत भी दी। ऐसे में युवती को बरामद कराया जाए। दूसरी ओर युवती के पिता की ओर से अधिवक्ता विकास कुमार जाखड़ ने कहा कि उसकी बेटी की सामाजिक प्रतिष्ठा खराब करने के लिए यह याचिका दायर की गई है। वहीं अदालती आदेश की पालना में युवती को अदालत में पेश किया गया। अदालत के पूछने पर महिला ने बताया कि वह कभी भी याचिकाकर्ता के साथ नहीं रही। इसके अलावा वह शादीशुदा है और अपने पति के साथ सुखपूर्वक रह रही है। वहीं उसे किसी ने जबरन भी नहीं रख रखा है।

पिछले चौबीस घंटों में छह सौ नए करोना संक्रमित मिले राजस्थान में

राज्य में शनिवार को सबसे ज्यादा 214 मरीज जयपुर में मिले हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में भारी वृद्धि होने लगी है। शनिवार को राज्य में शुक्रवार के मुकाबले 169 मामले बढ़ने के साथ ही 600 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर तीन हजार के पार हो गए हैं।

प्रदेश में जांचें बढ़ने के साथ ही करोना के मामले बढ़ने लगे हैं। शनिवार को 12 हजार 523 जांचों हुई। इस दौरान 25 जिलों में छह सौ नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 431 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों में यहां सर्वाधिक 214 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जयपुर

- जोधपुर में 55 तथा अलवर में 53 नए संक्रमित पाए गए हैं।

में संक्रमण की दर 9.41 फीसदी हो गई है। वहीं जोधपुर में आज 55, अलवर में 53, उदयपुर में 45, अजमेर में 38, दौसा में 27, चित्तौड़गढ़ में 25, कोटा में 18, नागौर व सीकर में 17, सिरोही व डूंगरपुर में 14-14, राजसमंद में 11, भीलवाड़ा में 9, जैसलमेर में 8, बीकानेर, धौलपुर, व झालावाड़ में 7-7, बाड़मेर में 4, बांसवाड़ा व सवाई माधोपुर में 3-3, भरतपुर, चूरू, हनुमानगढ़ व पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में पिछले कई दिनों से रिकवरी कम हो रही है। राज्य में शनिवार को भी केवल 191 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 3016 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1057 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा उदयपुर में 257 और जोधपुर में 222 मरीजों का इलाज चल रहा है। राज्य में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि इस बीमारी से अब तक 9589 लोगों की जान जा चुकी है।

राजधानी जयपुर में करोना संक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते शनिवार को 50 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 40 नए मरीज सांगानेर इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 21, जमवारामगढ़ में 11, कोटपूतली में 10, जगतपुरा व मालवीय नगर में 8-8, वैशाली नगर में 7, दुर्गापुरा, गोपालपुरा व जौहरी बाजार में 5-5, आदर्श नगर, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, शास्त्री नगर व सोड़ाला में 4-4, बनीपार्क, रामगंज व सिरसी में 3-3, आमेर, आमेर रोड, बस्सी, ब्रह्मपुरी, धोलपुरा, जवाहर नगर, जौहरी बाजार व खातीपुरा में 2-2 तथा अजमेर रोड, अजमेरी गेट, बजाज नगर, बापूनगर, सी-स्कीम, चाकसू, सिविल लाइन, चौमू, गलता गेट, घाटगेट, हरमाड़ा, लालकोठी, राजपार्क, रन नगर, रेनवाल, सिरसी रोड, सुभाष चौक, तिलक नगर, टोंक फाटक और विद्याधर नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 23 संक्रमितों का पता सही नहीं मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में सिर्फ 59 मरीज ठीक हुए हैं।

रेलवे शिकायतों को न्यूनतम करने के निर्देश

जयपुर। रेलवे बोर्ड के सदस्य ट्रेक्शन एवं रोलिंग स्टॉक डी. सी. शर्मा 2 दिवसीय दौरे कार्यक्रम पर उत्तर पश्चिम रेलवे पहुंचे। उन्होंने चल स्टॉक, इलेक्ट्रिफिकेशन व स्टोर मदों की समीक्षा की। दौरे में डायरेक्टर कोचिंग सुमन कुमार भी साथ थे।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार डी. सी. शर्मा प्रथम दिन जयपुर स्टेशन पर कोचिंग डिपो व रैक का निरीक्षण किया। इसके पश्चात् प्रधान कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबन्धक, गौतम अरोड़ा सहित यांत्रिक, इलेक्ट्रीक एवं भण्डार विभाग के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। शर्मा ने चल स्टॉक के उचित रख-रखाव, आगामी वन्दे भारत रैकों के लिए रख-रखाव सुविधा, हाई राईज ओ.एच.ई. से संबंधित परेशानियों, मेमू शैड के साथ ही मूलभूत तथा अत्यावश्यक सामानों की पूर्ति के लिए निर्देशित किया।